सहमति ज्ञापन (Memorandum Of Understanding)

यह सहमति ज्ञापन (Memorandum of Understanding) आज दिनांक 06 फरवरी सन् 2020 (06.02.2020) को निम्नवत-

प्रथम पक्ष- राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोठी ख़ुसरोबाग, रामपुर
द्वारा डॉ प्रमोद कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य

एवं

द्वितीय पक्ष- राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मछली भवन, किला, रामपुर
द्वारा डॉ अतुल शर्मा, प्राचार्य

के बीच पारस्परिक सहयोग की भावना से दर्ज किया जाता है जहाँ उपरोक्त दोनों पक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश शासन की राजकीय शिक्षण संस्थाऐं है तथा जो निम्न बिंदुओं के अनुसार सहमत है कि-

1. दोनों पक्ष एक दुसरे के परिसर में उपलब्ध भौतिक सुविधाऐं, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं का उपयोग शिक्षा एवं शिक्षार्थीयों के हित में कर सकेंगे।

2. दोनों पक्ष आवश्यकतानुसार शैक्षिक, सहशैक्षिक, शिक्षणेत्तर एवं शोध कार्यो में पारस्परिक सहयोग करेंगे।

3. दोनों पक्ष एक दूसरे के बौद्धिक संपदा के अधिकार (Intellectual property right) का सम्मान करेंगे।

4. दोनों पक्षों के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (Internal Quality Assurance Cell) अपने समन्वयकों के माध्यम से पारस्परिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु समन्वय रखेंगे।

5. यह पारस्परिक सहमति ज्ञापन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों (प्राचार्यो) द्वारा हस्ताक्षरित करने की तिथि से पाँच (05) वर्षों के लिए प्रभावी होगा तथा दोनों पक्षों की लिखित सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

6. सहमति ज्ञापन को समाप्त करने के लिए कोई भी एक पक्ष दूसरे पक्ष को ज्ञापन समाप्त करने की तिथि से छः (06) माह पहले सूचित करेगा। ज्ञापन समाप्त करने से पूर्व तत्समय जारी गतिविधियों को पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

दिनांक 06 फरवरी सन् 2020 को दो प्रतियों में तैयार कर हस्ताक्षरित किया-

वास्ते प्रथम पक्ष,	वास्ते द्वितीय पक्ष,
राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर (उ०प्र०)	राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर (उ०प्र०)
डॉ प्रमोद कुमार वार्ष्णेय	डॉ अतुल शर्मा
प्राचार्य	प्राचार्य
Principal Govt. Raza P.G. College Rampur (U.P.)	डा० अतुल शर्मा प्राचार्य राजकीय महिला स्ना० महाविद्यालय रामपुर